प्रयोगशाला जाँच द्वारा पशु रोगों की पहचान

पशु में कमजोरी, आफरा, बदबूदार दस्त, कब्ज, ताव में नहीं आने पर

गोबर के नमूने की जाँच करायें

पेट, आँत, यकृत के कृमि हो सकते हैं

पशु को बुखार, कमजोरी, खून की कमी, लाल या कॉफी के रंग का पेशाब आने पर

खून के नमूने की जाँच करायें

रक्त परजीवी या अन्य जीवाणु हो सकते है

पेशाब कम मात्रा में आने व तकलीफ होने तथा पेशाब का रंग लाल या गहरा पीला होने पर

मूत्र के नमूने की जाँच करायें

गुर्दे की खराबी या पेशाब के मार्ग में रूकावट हो सकती है

पशु के शरीर के बालों का झड़ना, बाल रहित गोल चकतों का होना व पशु के खुजली करने पर

चमड़ी के नमूने की जाँच करायें

चमड़ी के बाहरी परजीवी हो सकते है

अयन (गादी) में सूजन आना, गर्म होना, दूध निकालते समय पशु को पीड़ा होना व छिछड़ेदार दूध होने पर

दूध के नमूने की जाँच करायें

थनैला रोग हो सकता है

योनि से बदबूदार मवाद युक्त स्त्राव, गर्भपात, जेर समय पर नहीं डालने पर

स्त्राव, मवाद की जाँच करायें

योनि में संक्रमण हो सकता है

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग
स्नातकोत्तर पशुचिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पी.जी.आई.वी.ई.आर.)
(राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय)
एन.एच. 11, आगरा रोड़, जामडोली, जयपुर-302031